दिनांक-26दिसंबर2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

जलकर की राशि नहीं पटाने वाले नल कनेक्शनों पर निगम की सख्त कार्यवाही , नल कनेक्शन किया गया विच्छेद

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के द्वारा जलकर की राशि नहीं पटाने वाले नल कनेक्शन के खिलाफ सख्त कार्यवाही की गई है। जोन क्रं. 01 नेहरू नगर क्षेत्रांतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 4, वार्ड क्रमांक 8 एवं वार्ड क्रमांक 9 के विभिन्न स्थानों में निगम टीम पहुंचकर उनके घरों के नल विच्छेदन की कार्यवाही की है तथा अट्ठारह लोगों से जलकर की राशि जमा कराया गया। निगम द्वारा लगाए गए नल कनेक्शन में जल का उपयोग करने के बाद भी टैक्स नहीं पटाने वाले लोगों को सूचीबद्ध किया जा रहा है ताकि इन पर नल विच्छेदन कार्रवाई की जा सके। जलकर वसूली के लिए ली गई बैठक में भी निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने समस्त जोन आयुक्तों व संबंधित अधिकारियों को जलकर का टैक्स नहीं पटाने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं! आयुक्त के निर्देश के बाद निगम के विभिन्न जोन में जलकर नहीं पटाने वालों की सूची जोन व वार्ड स्तर पर तैयार की जा रही है।

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!

जनसंपर्क अधिकारी